INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VIII | Department: Hindi (2nd Lang) | Date :23.05.26 |
|---|---|---|
| प्रश्नोत्तर | Topic: पाठ 3 एक आशीर्वाद' | Note: Pls. write in your Hindi note book |

## अति लघु प्रश्न-उत्तर

प्रश्न 1.एक आशीर्वाद' कविता के रचयिता कौन हैं?

उत्तर: एक आशीर्वाद' कविता के रचयिता कवि दुष्यंत कुमार हैं ।

प्रश्न 2. कवि किसके लिए आशीर्वाद देते हैं ?

उत्तर: कवि भावी पीढ़ी या बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हैं।

प्रश्न 3.कवि बच्चों को किस प्रकार के स्वप्न देखने की प्रेरणा देते हैं ?

उत्तर:कवि बच्चों को बड़े और ऊँचे स्वप्न देखने की प्रेरणा देते हैं।

प्रश्न 4.कवि बच्चों को भावना की गोद से उतरकर क्या सीखने को कहते हैं?

उत्तर:कवि बच्चों को भावना की गोद से उतरकर जल्द पृथ्वी पर चलना सीखने को कहते हैं।

प्रश्न 5 .कवि बच्चों को किस प्रकार की गतिविधियाँ करने को कहते हैं?

उत्तर: कवि बच्चों को हँसने, मुसकुराने और गाने को कहते हैं।

प्रश्न 6.'एक आशीर्वाद' कविता का मुख्य संदेश क्या है ?

उत्तर:बच्चों को स्वावलंबी, महत्वाकांक्षी और संघर्षशील बनने की प्रेरणा देना ।

प्रश्न 7.कविता में कवि बच्चों को किससे दूर रहने की प्रेरणा देते हैं?

उत्तर :कविता में कवि बच्चों को आलस्य से दूर रहने की प्रेरणा देते हैं।

प्रश्न 8.'अपने पाँवों पर खड़े हो' यह किस गुण का प्रतीक है?

उत्तर :'अपने पाँवों पर खड़े हो' आत्मनिर्भरता का प्रतीक है I

## लघु प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1: कवि बच्चों को पृथ्वी पर चलना क्यों सिखाना चाहता है?

उत्तर: कवि चाहता है कि बच्चे केवल कोरी कल्पनाओं और सपनों की दुनिया में ही न खोए रहें, बल्कि वे वास्तविकता (यथार्थ) को समझें और धरती पर आकर व्यावहारिक जीवन का सामना करना सीखें।

प्रश्न 2: "अपने पैरों पर खड़े हों" - का क्या तात्पर्य है?

उत्तर: इसका अर्थ है आत्मनिर्भर बनना। कवि का आशीर्वाद है कि बच्चे जीवन की कठिनाइयों का सामना करते हुए अपने बलबूते पर सफल बनें और किसी पर आश्रित न रहें। प्रश्न 4: इस कविता का शीर्षक "एक आशीर्वाद" कितना उचित है?

उत्तर: यह शीर्षक पूर्णतः उचित है क्योंकि पूरी कविता में कवि ने बड़े सपने देखने, संघर्ष करने और सही रास्ते पर चलने के लिए बच्चों को दिल से शुभकामनाएँ और आशीर्वचन (आशीर्वाद) दिए हैं।

प्रश्न 3 कवि किससे 'जा, तेरे स्वप्न बड़े हों' कह रहे हैं?

कवि बच्चों, किशोरों और युवाओं से कह रहे हैं कि तेरे स्वप्न बड़े हों क्योंकि युवा अवस्था वह समय होता है जब युवा पीढ़ी अपने सुखद भविष्य की कल्पना करने लगती है।

प्रश्न 4 कवि के अनुसार सपने ज़मीन पर कैसे आएँ?

कवि के अनुसार सपनों को कल्पनालोक से निकालकर जीवन के वास्तविक रूप में लाने से अर्थात मेहनत, साहस और आत्मनिर्भरता से ही जमीन पर लाया जा सकता है।

प्रश्न 5 कविता में 'उँगली जलाएँ' का क्या अर्थ है?

अबोध बच्चे को लाख समझाया जाए कि दीपक की लौ में गर्मी है। वह इस बात को तब तक नहीं मानता जब तक कि उसके ताप से वह अपनी उँगली नहीं जला लेता। उसी तरह जब तक हम असफलता का स्वाद नहीं चखते, हमें सफलता की कीमत का पता नहीं चलता।

## दीर्घ प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1 चाँद-तारों को अप्राप्य सच्चाइयों से क्यों जोड़ा गया है?

कवि ने चाँद-तारों को अप्राप्य सच्चाइयों इसलिए कहा है क्योंकि वे ऊँचे और कठिन लक्ष्यों के प्रतीक हैं, जिन्हें पाना मुश्किल होता है। कवि चाहते हैं कि बच्चे आसान रास्ता न चुनें, बल्कि चाँद-तारों जैसी उन ऊँचाइयों को छूने की ज़िद रखें जो दूसरों को असंभव लगती हैं। चाँद-तारे यह संदेश देते हैं कि अपनी मेहनत और अटूट लगन से हम पहुँच से बाहर के सपनों को भी हकीकत (सच्चाई) में बदल सकते हैं।

प्रश्न 2 – कवि ने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए क्या-क्या करने की सीख दी है?

उत्तर – कवि सीख देता है कि कठिनाइयों के बावजूद हमें अपने लक्ष्यों के लिए मेहनत करते रहना चाहिए। जीवन में कुछ हासिल करने के लिए भोग-विलास की वस्तुओं से नाराज होना भी सीखना चाहिए और किसी लक्ष्य को पाने की जिद भी पकड़नी आनी चाहिए। जीवन की विपरीत परिस्थितियों में हंसना और मुस्कुराना भी सीखना चाहिए। कहने का आशय यह है कि चाहे लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग में कितनी भी कठिनाइयाँ आए हमें उनसे डरना नहीं चाहिए बल्कि डट कर उनका सामना करना चाहिए।

===================